




साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 1 । अंक : 24 | गोंदिया : गुरुवार, 21 जनवरी 2021 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5

### ग्राम पंचायत चुनाव परिणामों के बाद सभी दलों के जीत के दावे

## सरपंच चुनाव के बाद ही होगा खुलासा, किसके दावे सच्चे किसके झुठे

**नवीन अग्रवाल–** गोंदिया जिले में १८९ ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणाम १८ जनवरी को सामने आये। जिसके पश्चात सभी प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा अपने-अपने जीत के दावे किए जा रहे है। किंतु इसका खुलासा सरपंचो के चुनाव के बाद ही हो पाएगा कि किनके दावे सच्चे किनके झुठे है। गौरतलब है कि गोंदिया जिले की १८९ ग्राम पंचायतों का चुनाव हाल ही में संपन्न हुआ है। जिसमें से १८१ ग्राम पंचायतो के लिए मतदान हुआ ७ ग्राम पंचायतो में निर्विरोध तथा १ ग्राम पंचायत में नामांकन नहीं आया था।

१८१ ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणाम १८ जनवरी को मतगणना के पश्चात घोषित किए गए जिसके बाद कांग्रेस, भाजपा, राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा जिले में अधिकांश ग्राम पंचायतों पर अपने-अपने जीत के दावे किए जाने लगे। जिसमें तहसीलो में कुल संपन्न हुए ग्राम पंचायतों की संख्या से अधिक ग्राम पंचायतों के परिणाम राजनैतिक दलों द्वारा जारी किए गए। आंकड़ो से कही अधिक हो रहे है। जिससे सामान्य कार्यकर्ताओं व आम जनता में भ्रम की स्थिति निर्माण हो रही है। विशेष यह है कि ग्राम पंचायत चुनाव प्रमुख राजनैतिक दलों के चुनाव चिन्हों पर नही होते है। जिसमें राजनैतिक दलों द्वारा समर्थित उम्मीद्वार पैनल के रुप में तथा स्थानिय स्तर पर, ग्राम स्तर पर बने पैनल व निर्दलीय उम्मीद्वारों के रुप में चुनाव लड़ते हैं। जिससे अधिकांश ग्राम पंचायतों में स्थिति स्पष्ट नही हो पाती कि किस दल को बहुमत प्राप्त हुआ है। यह सिर्फ सरपंचो के चुनाव के बाद ही स्पष्ट हो पाता है कि किस राजनैतिक दल का अधिक ग्राम पंचायतों पर परचम लहराया है।



गोंदिया तहसील अंतर्गत ३७ ग्राम पंचायतो के चुनाव हुए थे। लेकिन परिणामों के पश्चात राजनैतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावों के अनुसार ५१ से अधिक ग्राम पंचायतों के परिणाम सामने आए है। जिसमें भाजपा के गोपालदास अग्रवाल गट द्वारा १५ ग्राम पंचायतों पर बहुमत का दावा निर्दलीय विधायक विनोद अग्रवाल के चाबी गट द्वारा १५ ग्राम पंचायतों पर बहुतम का दावा, राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा १५ ग्राम पंचायत में बहुमत का दावा तथा कांग्रेस द्वारा ६ ग्राम पंचायतो पर बहुमत का दावा किया जा रहा है। वहीं दुसरी ओर कु ग्राम पंचायतो में निर्दलीय व सभी दलों के समान सदस्य चुने गए है। जिससे उनकी स्थिति भी स्पष्ट नही है।

तिरोड़ा तहसील में १९ ग्राम पंचायतो में से १ ग्राम पंचायत निर्विरोध तथा १८ के चुनाव परिणाम गोरेगांव तहसील अंतर्गत २५ ग्राम पंचायतों के चुनाव परिणामों में से ११ पर भाजपा १३ पर कांग्रेस राकापा तथा एक ग्राम पंचायत पर अन्य १ द्वारा सत्ता पाई है। आमगांव तहसील अंतर्गत २२ ग्राम पंचायतों में से १ निर्विरोध तथा २१ के चुनाव परिणाम के बाद सामने आए। सालेकसा तहसील में ९ ग्राम पंचायतों, सड़क अर्जुनी तहसील अंतर्गत १९ ग्राम पंचायत, अर्जुनी मोरगांव ग्राम पंचायत अंतर्गत २९ ग्राम पंचायतो में से ३ निर्विरोध तथा १ ग्राम पंचायत में नामांकन नही आया था। जिससे २५ ग्राम पंचायतो के चुनाव परिणाम तथा देवरी तहसील अंतर्गत २८ ग्राम पंचायतो में से १ निर्विरोध तथा २७ ग्राम पंचायतो के चुनाव परिणाम आने के बाद सभी राजनैतिक दलों द्वारा अपने-अपने जीत के दावे किए जा रहे है।







**जिले के ५४४ ग्राम पंचायतो के सरपंच पद का आरक्षण २८ को**

गोंदिया जिले के कुल ५४४ ग्राम पंचायतो के सरपंच पद का आरक्षण २८ जनवरी को निकाला जाएगा। जिसके लिए २० जनवरी को जिलाधिकारी द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। जिसमें आगामी होनेवाले शेष ग्राम पंचायतों के चुनाव के लिए भी होंगा। ५४४ ग्राम पंचायतों में से २७२ सरपंच पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए है। जिसमें अनुसूचित जाति के ६६ पद जिसमें ३३ महिलाओं के लिए अनुसूचित जमाति के ९९ पद जिसमें ५० महिलाओं के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग १४७ पद में से ७४ महिलाओं के लिए तथा खुला प्रवर्ग के २३२ पद में से ११५ महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे।

**मनसे व आम आदमी पार्टी ने भी खोला खाता**

गोंदिया जिले के  ग्राम पंचायत चुनाव में पहली बार महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना तथा आम आदमी पार्टी के भी उम्मीद्वारो ने जीत हासिल कर पहली बार अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है।

### तेंदुआ शिकार मामला

## पांगोली नदी के पानी में गड़ाई तेंदुए की मुंडी



**गोंदिया–** गोरेगांव तहसील अंतर्गत तिल्ली-मोहगांव के खेत परिसर में करंट लगाकर २ तेंदुओं का शिकार किया गया था। जिसमें एक तेंदुए की मुंडी काटकर आरोपियों ने गौरीटोला से चांगोटोला स्थित पांगोली नदी के पानी में गड़ाकर रख दी। १८ जनवरी को आरोपी हेतराम मधु गावल (३८) ने वन अधिकारियों को उक्त जगह दिखाई जिसके पश्चात तेंदुए की मुंडी तथा दांत व अन्य अवशेष बरामद किए गए। यह जानकारी उपवनसंरक्षक राजेंद्र सदगीरी की ओर से दी गई। गौरतलब है कि ग्राम तिल्ली व इंदिरानगर में देवानदं सोनवाने के खेत परिसर में ३ जनवरी को एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया था। जिसकी जांच की जा रही थी कि ४ जनवरी को घटनास्थल से लगे जंगल परिसर की झाडियों में दुसरा तेंदुआ भी मृत पाया गया तथा कुछ ही दुरी पर नीलगाया के अवशेष भी पाए गए थे। इस मामले में हेतराम मधू गावल (३८) निवासी इंदिरानगर, तिल्ली, देवराम श्यामलाल नागपुरे (३०), लिंगम रमेश येरोला (५५), हेतराम गणपत मेश्राम (४१) को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी लिंगम द्वारा गांव के ही निवासी मन्साराम के घर में छुपाकर रखे गए तेंदुए के चार नखुन वनविभाग की टीम द्वारा जब्त किए गए।

## ग्रापं कार्यालय के सामने ही खुला पड़ा विद्युत ट्रांसफार्मर

**संवाददाता खातिया –** गोंदिया तहसील के ग्राम खातिया में ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने ही विद्युत ट्रांसफार्मर खुला पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से किसी भी समय अप्रिय घटना होने की आंशका बनी हुई है। इसके बावजूद इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। गौरतलब है कि विद्युत ट्रांसफार्मर खुली अवस्था में होने की वजह से इसके पूर्व कई बार दुर्घटनाएं



हो चुकी है। गोंदिया तहसील में ही विगत वर्ष बारिश के मौसम में खुले ट्रांसफार्मर के स्पर्श से मवेशियों की मृत्यु हुई है। बावजूद खुले ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नही की जा रही है। अब ग्राम खातिया के ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने के ही विद्युत ट्रांसफार्मर की स्थिति ऐसी बनी हुई है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से इस ट्रांसफार्मर को व्यवस्थित नही करने की वजह से नागरिको मे रोष का माहौल है।

## प्रफुल पटेल के निर्देश पर बैठक का आयोजन

गोंदिया, भंडारा जिले में बिजली आपूर्ति नेटवर्क को अपडेट करने और जिला स्तर पर भूमिगत बिजली लाइनों के मुद्दों को सुलझाने सहित पूर्व विदर्भ में बिजली आपूर्ति से संबंधित मद्दों पर चर्चा करने के हेतु प्रफुल पटेल के अनुरोध पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार के हॉल में एक बैठक आयोजित की गई थी।



बैठक के दौरान गोंदिया भंडारा जिले और पूर्वी विदर्भ में बिजली से संबंधित सड़कों के निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। आशा है कि यह गोंदिया और भंडारा दोनों में भूमिगत नहर नेटवर्क परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। गोंदिया भंडारा दोनों जिलों में बिजली से संबंधित लंबित परियोजनाओं के साथ-साथ कृषि बिजली कनेक्शन के लंबित कार्यो को भी लिया जाएगा। प्रफुल पटेल के अनुरोध पर मंत्रालय में अधिकारियों की एक बैठक हुई।

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने सभी लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की। गोंदिया और भंडारा में भूमिगत बिजली लाइनों का मुद्दा कई दिनों से धन की कमी के कारण लंबित है। इन दोनों जिलों में बिजली लाइनों के नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है किसानों को २४ घंटे बिजली और कृषि पंपों के कनेक्शन के बारे में बताया गया। इस बीच, ऊर्जा मंत्री नितिन राउत ने निर्देश दिया कि सभी लंबित मद्दों और परियोजनाओं को तुरंत हल किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने विभाग को आश्वासन दिया कि गोंदिया और भंडारा दोनों जिलों में बिजली से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए तुरंत धन उपलब्ध कराया जाएगा। ऊर्जा मंत्री डॉ. नितिन राउत, ऊर्जा राज्य मंत्री  प्रजापत तानपुरे, देवाशीष चक्रवर्ती (अपर मुख्य सचिव योजना विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकरी उपस्थित थे।

## विवाहिता को आत्महत्या के लिये उकसाया

**गोंदिया–** रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले दासगांव निवासी विवाहिता प्रियंका की मृत्यु को लेकर फर्यादी पुलिसकर्मी दिपक पाटिल द्वारा धारा १७४ के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही थी। लेकिन जांच के दौरान अब मृतक के मायके परिवार वालो द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा  ३०६, ४९८, (अ) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक विवाहिता को ससुराल पक्ष के सदस्यों द्वारा तुझे मिर्गी की बिमारी ऐसा बोल परेशान करते थे तथा उपचार के लिए अनेक बार मायके से पैसे लाने के लिए कहा पैसों की मांग पुरी नहीं होने पर आरोपियों द्वारा मृतक को परेशान किया जाता था। वहीं मृतक प्रियंका को मिर्गी की बिमारी है, ऐसा बोल आत्महत्या हेतु उकसाया जिसके चलते उसने १२ जनवरी को दोपहर के दौरान आत्महत्या कर ली। इस संदर्भ में मामले की आगे की जांच रावणवाड़ी थाने के पुलिस कर्मी महेश कोरे द्वारा की जा रही है।

## चुनावी ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी की मौत

**गोंदिया–** ग्राम पंचायत की डय्टी के दौरान अचानक तबीयत खराब होने से पुलिस कर्मचारी की मौत हो गई। यह घटना १५ जनवरी को शाम ५ बजे के दौरान दवनीवाड़ा थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम पंचायत के चुनाव के दौरान घटित हुई। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मचारी सुखचंद ढोमणे (५५) वनीवाड़ा थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम धापेवाड़ा में चुनाव केंद्र में ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके चलते पुलिस कर्मचारी को उपचार हेतु गोंदिया मेड़िकल कॉलेज लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने पुलिस कर्मचारी ढोमणे को  मृत घोषित कर दिया।

## बर्ड फ्लु का संक्रमण रोकने के लिए नागरिक बरते सतर्कता



गोंदिया जिले में १९ जनवरी को शाम ४ बजे के दौरान बिरसी विमानतल परिसर में २ उल्लु तथा २ कबुतर मृत अवस्था में पाए गए। उसी प्रकार ८ जनवरी से अब तक जिले के विविध क्षेत्रों में कुल १५१ विविध प्रकार के पंक्षियों की मृत्यु होने की जानकारी प्राप्त हुई है। उपरोक्त नमुने जांच हेत पुणे में स्थित पशुरोग अन्वेषण प्रयोगशाला में भेजा गया है। इसके पूर्व पुणे की प्रयोगशाला में भेजे गए नमूनों की जानकारी विभाग की ओर से दी गई है।

गोंदिया के बिरसी हवाई अड्डे परिसर में एक कौआ, गोरेगांव तहसील और नागझिरा के कुराड़ी से एक बगुला अभयारण्य क्षेत्र के एक तोते ने एच -५ के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है। उपरोक्त नमुनों को जांच हेतु जांच हेतु राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्था भोपाल में भेजे गए है तथा उपरोक्त क्षेत्रों में सर्वेक्षण का काम शुरु किया गया है। जिले के बिर्सी, एकोड़ी, कुराहड़ी व नागझिरा क्षेत्रों में पंक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की अचानक मृत्यु होने से शासन की ओर से यहां सर्वेक्षण का कार्य कर नागरिकों से सतर्कता बरतने का अहवान शासन की ओर से किया गया है। जिले के किसी भी गांव में कौआ, पोपट, बगला तथा अन्य किसी भी क्षेत्र में पंक्षियों की मृत्यृ होने तथा पोल्ट्री फॉर्म में अधिक मुर्गियों की मृत्यु होने की जानकरी जिले के पशुसंवर्धन विभाग के नियंत्रण कक्ष क्रमांक ९४२३१०४५८० व टोल फ्री क्रमांक १८००२३३०४१८ पर संपर्क तत्काल जानकारि दे। मृत पक्षियों को छुआ या परिगलित नहीं किया जाना चाहिए। पशु अधिनियम, २००९ के संक्रामक  रोगों की रोकथाम और नियंत्रण की धारा ४ (१) के अनुसार हर गांव या राज्य का कोई भी व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सार्वजनिक निकाय या ग्राम पंचायत, पशुधन प्रजनकों को जो उक्त अधिनियम के अनुसार अनुसूचित रोगों से संक्रमित होने की संभावना है। तथ्यों को निकटतम ग्राम अधिकारी या ग्राम पंचायत प्रभारी को रिपोर्ट करें और वे यह जानकारी प्रदान करेंगे। लिखित में निकटतम उपलब्ध पशु चिकित्सक को सूचित करना अनिवार्य है, जहां फ्लु का प्रकोप होता है।

राज्य के सभी नागरिकों को एक ही स्थान पर बीमारी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। ७० डीग्री टेम्प्रेचर पर ३० मिनट के लिए पकाए गए अंडे और मुर्गी वायरस को समाप्त कर देते हैं चूंकि यह अंडे और मुर्गी के मांस का सेवन करने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है। नागरिकों द्वारा आंशिक रुप से पकाया हुआ मुर्गी का मांस और कच्चे अंडे न खाएं। हाथ में दस्ताने के साथ पोल्ट्री विक्रेताओं, नाक-मुंह पूरी तरह से कवर किया गया दुकान में मास्क, नियमित और सख्त स्वच्छता और सामाजिक दूरी का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। बर्ड फ्ल ूबीमारी के बारे में गलत धारणाएं और अफवाहें जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, उन्हें नहीं फैलाना चाहिए। ऐसी अपील जिला पशुसंवर्धन उपआयुक्त गोंदिया की ओर से की गई है।

## सूरज अशोक नशीने की नियुक्ति



**गोंदिया–** रेलवे स्टेशन की कंसलटेटिव समिति में बालाजी स्टूडियो के संचालक व हंसवाहिनी आर्ट एंड कलचर सोसायटी के अध्यक्ष एवं समाज सेवी सूरज अशोक नशीने की सदस्य के रुप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर से नियुक्ती की गई। इस नियुक्ति पर मित्र परिवार द्वारा सूरज नशीने को शुभकामनाएं दी गई। इस नियुक्त पर सूरज नशीने द्वारा गोंदिया के नगराध्यक्ष अशोक इंगले का आभार माना।

## संपादकिय

# चुनौती भरा अभियान

देश में कोरोना महामारी से बचाव के लिए शुरु हुआ टीकाकरण अभियान निश्चित ही एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि हम महामारी का मुकाबला कर पाने के काफी करीब पहुंच चुके हैं। महामारी की भयावहता और दुनियाभर में इसके कहर से इतना तो साफ हो गया था कि जब तक टीका नहीं आ जाता, तब तक बचाव संबंधी उपाय ही जीवन को बचाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

पूर्णबंदी जैसे कदम भी इसीलिए उठाए गए थे, ताकि लोग घरों से न निकलें और संक्रमण का प्रसार न हो। इसलिए टीके को लेकर लंबे समय से इंतजार था। अमेरिका और यूरोप के ज्यादातर देशों की तस्वीर तो डराने वाली रही। भारत में भी संक्रमण से हुई मौतों का आंकड़ा डेढ़ लाख को पार कर चुका है। ऐसे में बिना किसी कारगर टीके के संभव ही नहीं था कि महामारी को शिकस्त दी जा सके।

भारत की आबादी को देखते हुए टीकाकरण का काम चुनौती भरा है। सबको जल्द ही एक साथ टीका लगा पाना किसी भी सूरत में संभव नहीं है। इसलिए इसके लिए प्राथमिकता तय की गई और फैसला हुआ कि अग्रिम मोर्चे पर जूझ रहे लोगों को सबसे पहले टीका दिया जाए। इनमें चिकित्सा और स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर सुरक्षा बल तक शामिल हैं। आपात सेवाओं में लगे कर्मचारी और स्वयंसेवक भी हैं।

इनमें चिकित्सा और स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर सुरक्षा बल तक शामिल हैं। आपात सेवाओं में लगे कर्मचारी और स्वयंसेवक भी हैं। टीके के लिए शोध, परीक्षण से लेकर इसके निर्माण और देश में जगह-जगह पहुंचाने का काम कोई मामूली नहीं है। तैयार टीकों को सुरक्षित रुप से हर राज्य में भेजने के लिए वायुसेना की भी सेवाएं ली जा रही हैं। टीकाकरण के काम में कहीं कोई चूक न रह जाए, इसके लिए देश भर में कई बार पूर्वाभ्यास किए जा चुके हैं। अस्पतालों में कैसे इंतजाम रहेंगे, इसकी व्यवस्था भी चाक-चौबंद है। इसलिए उम्मीद है कि दुनिया का यह सबसे बड़ा अभियान महामारी से लोगों को बचा पाने में कामयाब रहेगा।

भारत के वैज्ञानिकों, डाक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और इस महाभियान से जुड़े लोगों ने जिस जीवट के साथ काम किया, उसी का परिणाम है कि साल भर के भीतर ही कुछ गिने-चुने देशों के साथ हम भी टीका बनाने से लेकर उसे लगाने में सफल हो पाए हैं। इसे भी बड़ी कम बड़ी उपलब्धि नहीं माना जाना चाहिए कि भारत में बने टीकों का दुनिया के दूसरे देशों में भी परीक्षण चल रहा है और जरुरत पड़ने पर हम टीकों का निर्यात करने में भी सक्षम हैं।

देश में सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के टीके कोविशील्ड और भारत बायोटेक के टीके कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल को मंजूरी दी गई है। हालांकि टीकों को लेकर कुछ विवाद भी खड़े हुए और इस कारण लोगों में भय और अविश्वास भी पैदा हुआ। लेकिन देश के चिकित्सा विशेषज्ञों और महामारी विशेषज्ञों ने टीके कारगर होने का भरोसा दिलाया है। टीकाकरण जैसे अभियानों की सफलता के लिए जरुरी है कि इन्हें लेकर लोगों के मन में कोई संदेह पैदा न किया जाए।

टीकों को मंजूरी देने के मुद्दे पर भारत में जैसी राजनीति देखने को मिली और जिस तरह की आशंकाएं पैदा कर लोगों को डराया जा रहा है, उसे कहीं से उचित नहीं कहा जा सकता। महामारी के प्रकोप को देखते हुए जितनी जल्दी टीके बने हैं, उसमें हो सकता है कि वे सौ फीसद कारगर न हों, लेकिन ऐसा मान बैठना भी सही नहीं है कि टीकों का कोई लाभ नहीं होगा। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि सिर्फ टीका ही हमें नहीं बचाएगा, बल्कि मास्क लगाने और सुरक्षित दूरी जैसे बचाव संबंधी उपाय भी उतने ही जरुरी हैं।

# कोरोना के टीकाकरण की जिले में शुरुवात

**गोंदिया-** केंद्र शासन के निर्देशानुसार १६ जनवरी को संपूर्ण देश में कोरोना महामारी का टीका उपलब्ध कराया गया। जिसमें गोंदिया जिले में १६ जनवरी ३ केंद्रो में ३०० फ्रंटलाईन वारियर्स को टीका लगाए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग संपूर्ण राज्य में सजग है तथा जिले में टीकाकरण हेतु १० हजार टीको का इंतजाम किया गया है। जिसके तहत सबसे पहले स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मचारी को कोरोना महामारी का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए जिले में ८४२८ फ्रंटलाइन वारियर्स की सूची जारी की गई है। उसी प्रकार जिले में १६ जनवरी को जिला चिकित्सालय गोंदिया, उपजिला चिकित्सालय तिरोड़ा तथा ग्रामीण चिकित्सालय देवरी में कोरोना महामारी के टीके की शुरुवात की गई। उक्त टीकाकरण हेतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। टीकाकरण केंद्र के स्थानों में प्रतिक्षा कक्ष, टीकाकरण कक्ष तथा निरिक्षण कक्ष शुरु किए गए है। जिसमें पहली सीड़ी में स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था की गई। इस हेतु इसके पूर्व ही लाभार्थियों सूची कोविड ऐप में जारी की गई थी। कोरोना महामारी टीकाकरण के शुरुवात में जिले के तीन केंद्रो सभी में १०० इस दर



से ३०० फ्रंटलाइन वरियर्स को टीकाकरण किए जाने की जानकारी मिली है। टीकाकरण किए जानेवाले मरीजो को आधे घंटे तक उपरोक्त चिकित्सालय की निगरानी में रखा गया। जिस व्यक्ति की ऐप पर पोर्टल पर सूची जारी की गई है, उन्ही व्यक्तियों को कोरोना महामारी का टीका लागया जा रहा है। १६ जनवरी को सुबह १०.३० बजे देश के सभी जगह बड़े टीकाकरण केंद्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हस्ते किया गया। जिले के जिला चिकित्सालय में टीकाकरण का उद्घाटन १०.३० बजे किया गया तथा मान्यवरों की उपस्थित में डॉ. राजेंद्र जैन द्वारा कोविशिल्ड का पहला टीका लगाया गया। शासन द्वारा दिए गए दिशानिर्देशानुसार कोविड टीकाकरण केंद्रो में सभी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। टीकाकरण के दौरान डॉक्टरों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। किसी भी प्रकार की चिंता न करते हुए नागरिको को आगे टीका लगाए जाएगा। टीकाकरण केंद्र में स्वास्थ्य कर्मचारी, टीकाकरण अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया।

जिला चिकित्सालय के टीकाकरण केंद्र में विधायक विनोद अग्रवाल व नगराध्यक्ष अशोक इंगले ने भेंट दी तथा केंद्र का निरिक्षण किया। उपरोक्त टीकाकरण अभियान को सफल करने का निर्देश जिलाधिकारी दीपक कुमार मिना द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश खवले, अतिरिक्त स्वास्थ्य उपसंचालक डॉ. रवि धकाते, शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नरेश तिरपुडे, जिला शल्यचिकित्सक डॉ. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. नितीन कापसे, मात व बाल देखरेख अधिकारी डॉ. संजय पंचाल, डॉ. वेदप्रकाश चौरगडे, डॉ. सुवर्णा हुबेकर तथा डॉ प्रशांत तुरकर उपस्थित थे।

# छात्रवृत्ती योजना के लिए १२ मार्च तक करें आवेदन



**गोंदिया-** सामाजिक न्याय व विशेष सहायक विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति व घुमंतू जनजाति, विशेष पिछडा प्रवर्ग व अन्य पिछड़ा प्रवर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। जिसमें सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ती, भारत सरकार मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति अस्वच्छ व्यवसाय में काम करनेवाले पालकों के बालकों को मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति, पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्ता छात्रवृत्ति, कक्षा पहली से दसवी में पढ़नेवाले विमुक्त जाति, घुमंतू जनजाति प्रवर्ग के विद्यार्थियों को डॉ. बाबा साहब आंबेडकर भारत सरकार मेट्रिक पूर्व छात्रवृत्ति योजना का समावेश है।

शैक्षणिक वर्ष २०२०-२१ में उक्त सभी ऑफलाइन छात्रवृत्ति के आवेदन समाज कल्याण विभाग, जिला परिषद गोंदिया में १२ मार्च २०२१ तक प्रस्तुत करना है। इस संदर्भ में समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति के प्रस्ताव तहसील निहाय स्वीकारने के लिए तारीख निश्चित की है। जिसमें गोंदिया तहसील में १८ से २८ जनवरी, तिरोड़ा में २९ जनवरी से ५ फरवरी, आमगांव में ८ से १० फरवरी, सालेकसा में ११ से १२ फरवरी, सड़क अर्जुनी में १५ से १९ फरवरी, अर्जुनी मोरगांव में २२ से २६ फरवरी, गोरगांव में १ से ५ मार्च व देवरी तहसील में ८ से १२ मार्च २०२१ तक छात्रवृत्ति देयक प्रस्तुत करने की तारीख है। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिले। इसके लिए प्रस्ताव समय पर भेजे। ऐसा अहवान जिला समाज कल्याण अधिकारी टी.डी. बरगे ने किया है।

## नियुक्ती होने पर अभिनंदन

गोंदिया- रेलवे स्टेशन की कंसलटेटिव समिति में निरंतर तीसरी बार नवसंजीवनी बहुउद्देशीय संस्था के संचालिका दिव्या भगत- पारधी को सदस्य के रुप में चुना गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मंडल वाणिज्य प्रबंधक मनिंदर सिंह उप्पल द्वारा उपरोक्त नियुक्ति की गई। उन्हें स्थानीय स्वराज्य संस्था में भी प्रतिनिधि के रुप में शामिल किया गया। दिव्या की इस नियुक्ति पर गोंदिया जिले के विधायक विनोद अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सविता बेदरकर, नवसंजवनी संस्था के अध्यक्ष मुकेश देव्हारे दर्पण वानखेड़े, जिले के सभी अधिकारी पदाधिकारी ने अभिनंदन व्यक्त किया।

## आवश्यकता है

**साप्ताहिक बुलंद गोंदिया के लिये गोंदिया-भंडारा जिले की सभी तहसीलों के लिये संवाददाता, प्रतिनिधी तथा वितरक नियुक्त कराना है । इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में आकर संपर्क करें अथवा 7670079009, 9405244668, 9763355727 पर संपर्क करें ।**

**- सम्पादक**

# योग में दुसरा अंग : नियम

**योगाचार्य नरेन्द्र आर्य**



**नियम-** यमों के साथ नियमों का पालन भी आवश्यक है। यमों में मानसिक भूमिका भी अधिक महत्तवपूर्ण है। यह मनुष्य की सामाजिक एवं बाह्रय क्रियाओं सामजस्य पूर्ण बनाते है। नियम से मनुष्य जीवन का नियमन होता है। यम और नियम साधक के लिए क्रमश: सामजिक और वैयक्तिक उपलब्धी है।

वेदो में यम और नियम को पंक्षी के दो पंखो के सामान कहा है। उसी प्रकार योगी को भी यम नियम का सामान भाव से पालन करना अनिवार्य है, तथा इसके पालन से ही वह योग साधना के पथ पर अग्रसर होता है। वैदिक मत के अनुसार पांच प्रकार के नियमों का उल्लेख सहिंताओं में मिलता है। महर्षि पतंजलि ने योगसुत्र में इस प्रकार किया है।

**शौचसंतोषतप: स्वाध्यायेस्वरप्राणीधानानि नियमा:**

पा.यो. सुत्र २/३२

अर्थात शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर, प्राणीधान में पांच नियम है।

**शौच-** शौच शब्द निष्पत्ति शुचि शब्द में पत्यय लगाकर होती है। जिसका अर्थ है पवित्रता, परिशुद्धी, सफाई। शौच से तात्पर्य शारीरिक, मानसिक व वाचिक (वाणी) से है। शौच यह शुद्धी के दो भाग में विभक्त किया जा सकता है।

१) बाह्रय, २) आंतरिक

**बाह्रय शुद्धी -** बाह्रय शुद्धी में शारीरिक शुद्धी तथा वाचिक शुद्धी आते है।

**आपो अस्मान मातर: शुन्धयंतु धृतेन मो धृतव्व: पुनंतु:।**

यजु. वेद. ४/२

शारीरिक शुद्धी के अंतर्गत सत्याचरण से मानव व्यवहार की शुद्धी विध्यान्तप से पंचमहाभुतों की शुद्धी ज्ञान से बुद्धी की शुद्धी आदि होती है। शारीरिक शुद्धी पवित्र जल से स्नान आदि के द्वारा होती है।

**वाचिक (वाणी) -** वाणी के शुद्धी सत्य का आचरण सत्य के बालने से होती है। मधुर भाषा द्वारा ही वाणी की शुद्धी संभव है।

**आंतरिक शुद्धी -** मन में उठनेवाले भावों की शुद्धी, विचारों की शुद्धी आंतरिक शुद्धी कहलाती है। बुरे विचारो को समाप्त करने के लिए तथा पवित्र विचारों को जागृत करने के लिए सतसंग, साधना, प्राणायाम, ध्यान आदि साधना करना ही आंतरिक शुद्धी है। धर्म से कमाया धन कर्मो से सात्विक खान पान से मानसिक विचारों की शुद्धी होती है। योग सुत्र में इसके फल के विषय में कहा है।

**शौचत्स्वांगजुगुप्सा परैरसंसर्ग:।**

पा.यो.शु. २/४०

अर्थात पवित्रता का पालन करने से अपने अंगो में वैराग्य (घृणा) और दुसरो से संसर्ग न करने की इच्छा होती है। ईर्ष्या अभिमान, घृणा आदि मन के मैल है। जिसकी शुद्धी होती है। महर्षि पतंजलि ने अपने अगले सुत्र में कहा है

**सत्वशुद्धिसौमनस्यैकाग्रयेन्द्रिययजयात्म योग्यत्वानि च।**

पा.यो.शु. २/४१

अर्थात इसके सिवाय शौच से अंतकरण की शुद्धी होती है, तथा चित एकाग्र होता है। मन में प्रसन्नता इंद्रिय वश में होती है। तथा आत्मदर्शन की योग्यता आती है।

संतोष शब्द का अर्थ है सम्यक प्रकार से संतुष्टी अर्थात शरीर द्वारा पूर्ण पुरुषार्थ कर इसमें प्राप्त धन से अधिक का लालच न करना तथा कम ज्यादा कि प्राप्ती पर शोक और हर्ष न करना

संतोष का पालन मन वचन कर्म से करना आवश्यक है। अपने कर्तव्य कर्म को करते हुए हमें पारबद्ध कर्मो के कारण जो भी धन प्राप्त हो उसी से संतुष्ट रहना ही संतोष है। हर परिस्थति में सुख में, दुख में सदा सम बने रहना अपना धैर्य ना खोना तथा प्रशन्नचित्त बने रहना संतोष है। वेदों में संतोष के पालन में कहा है।

**तेन त्यक्तेन भुज्जीया मा गृध: कुस्थस्विध्दनम्**

मुनु: ४०/१

अर्थात संतोष बुद्धी से उत्पन्न करने के लिए त्यागपूर्वक भोग करो किसी के धन की लालसा मत करो। योगसुत्र में संतोष का फल बताते हुए कहा है-

**संतोषादनुत्तसुखलाभ:**

वा.यो. शु. २/४२

अर्थात मन में संतोष भाव होने पर योगी उत्तम सुख आनंद की प्राप्ती होती है।

**तप-** तप का अर्थ है सुख-दुख, सर्दी-गर्मी, भुख-प्यास, हर्ष-शोक, मान-अपमान आदि को सहन करते हुए ईश्वर के मार्ग पर डटे रहना ईश्वर प्राप्ती में लगे रहना तप कहलाता है। महर्षि पतंजलि ने कहा है तप के सिद्ध होने पर अशुद्धीयों का नाश होता है।

**कामेन्द्रियसिद्धिरशुद्धिदायात्तपस:।**

पा.यो. सु. २/४३

अर्थात तप से अशुद्धि का नाश हो जाने पर शरीर और इंद्रियों की सिद्धी हो जाती है। तप के द्वारा क्लेसो तथा पापों का नाश होने पर शरीर में अनिमा, महिमा आदि सिद्धियां आ जाती है। और इंद्रियों में सुक्ष्म विषयों को ग्रहण करने की शक्ति आ जाती है।

**स्वाध्याय-** स्वाध्याय का अर्थ है वेद, उपनिषद, दर्शन और मोक्षशास्त्रों का गुरुजनों तथा आचार्यो से अध्यन करना आत्मचिंतन भी स्वाध्याय है। योग भाष्यकार व्यास जी ने कहा है -

**स्वाध्यायो मोक्षशास्त्राणामध्यनं प्रणव जपो वा।**

यो.व्यास. भाष्य. २/३२

अर्थात- जिन शास्त्रो में मोक्षप्राप्ती का उपाय बताया गया है। उनका पुन:पुन: अध्यन करना पढ़ना स्वाध्याय है। योग भास्य में कहा गया है।

**स्वाध्याय: प्रणव मन्त्राणां जप: मोक्षसशास्त्राध्या**

यो.भाष्य. २/१

अर्थात प्रणव अर्थात ओंकार मंत्र का विधि पूर्वक जप करना मोक्षशास्त्रों का गुरुवाणी से श्रवण मनन करना स्वाध्याय है।

**स्वाध्यायदिष्ट देवता सम्प्रयोग:**

पा.सो.सु. २/४४

अर्थात-स्वाध्याय या ओंकार आदि मन्त्रों के जप से ब साधना से इच्छित देवता साक्षात्कार होता है।

# अमर शहीद हेमू कालाणी का जीवन परिचय

सिंधी समाज का नौजवान सपूत, निडर था जो, साहसी था जो।
फांसी अपनाने में न की चूक, मिला ऐसा क्रांतिकारी भारत देश को।।

हम सभी ने अपने-अपने शहरों में प्राय: हेमू कालाणी चौक अथवा हेमू कालाणी जी की प्रतिमा के दर्शन अवश्य ही किए होंगे परंतु क्या हम इस वीर चरित्र के इतिहास से परिचित हैं? तो आइए आज की इस नन्हीं कड़ी के माध्यम से हम इस कम उम्र की वीर शहादत के पीछे का कारण जानें....

यूं तो हमारे भारत देश को स्वतंत्र करवाने हेतु कई महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहुतियां दी थीं, इनमें से एक युवा क्रान्तिकारी भी हुए हैं जिन्होंने कम उम्र में ही सिंधी समाज और देश में सबके लाडले स्वतंत्रता सेनानी के रुप में अर्थात सिंधी समाज के सपूत हेमू कालानी जी ने अपनी वीरता का परिचय करवाया।

हेमू कालाणी जी का जन्म सिन्ध प्रांत के सख्खर जिले में २३ मार्च सन् १९२३ को हुआ था। उनके पिताजी का नाम पेसूमल कालाणी एवं उनकी माता का नाम जेठीबाई था। बचपन से ही ये अपने चाचा मंघाराम कालाणी जी की स्वराज सेना में रहकर देश को आजाद करवाने के कई स्वप्न देखते थे। जब वे किशोर वयस्क अवस्था के थे तब उन्होंने अपने साथियों के साथ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आग्रह किया। सन् १९४२ में जब महात्मा गांधी जी ने भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया तो हेमू इस आंदोलन में कूद पड़े।

सन् १९४२ में उन्हें यह गुप्त जानकारी मिली कि अंग्रेजी सेना हथियारों और गोला-बारुद से भरी रेलगाड़ी रोहड़ी शहर से होकर गुजरेगी। तब हेमू कालाणी ने अपने साथियों के साथ रेल पटरी को अस्त-व्यस्त करने की योजना बनाई। वे यह सब कार्य अत्यंत गुप्त तरीके से कर रहे थे तब फिर भी अचानक वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों की नजर उन पर पड़ी। सशस्त्र बल के साथ आती हुई पुलिस को देखकर अपने तीनों साथियों को भाग जाने की सलाह देने के बाद हेमू कालानी ने स्वयं को गिरफ्तार करवाया ।

हेमू कालाणी को कोर्ट ने बीस वर्ष से भी कम आयु की अवस्था होने पर भी इन्हें फांसी की सजा सुनाई । जिसे सुनकर इन्होंने अपना सिर फक्र से ऊंचा कर कहा कि **मेरा जीवन धन्य हो गया, मुझे भी भगतसिंह की तरह फांसी के फंदे पर झूलने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है।**

उस समय के सिंध के गणमान्य लोगों ने एक पेटीशन दायर की और वायसराय से उनको फांसी की सजा ना देने की अपील की। वायसराय ने इस शर्त पर यह स्वीकार किया कि हेमू कालाणी अपने साथियों के नाम और पता बताए। परंतु हेमू कालानी ने यह शर्त अस्वीकार कर दी।

२१ जनवरी १९४३ को उन्हें फांसी की सजा दी गई। जब फांसी से पहले उनसे अंतिम इच्छा पूछी गई तो उन्होंने भारतवर्ष में फिर से जन्म लेने की इच्छा जाहिर की। इन्कलाब जिंदाबाद और भारत माता की जय की घोषणा के साथ उन्होंने फांसी को वंदे मातरम् के बुलंद नारों के उच्चारण के साथ खुशी-खशी स्वीकार किया।

१८ अक्टूबर १९८३ में तत्कालीन प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी ने दिल्ली में आयोजित सिंधी सम्मेलन में हेमू कालाणी पर डाक टिकिट जारी किया। इंदौर में उज्जैन मार्ग पर शहीद हेमू कालाणी नगर नाम से एक कॉलोनी भी विकसित है। इंदौर में एक चौक का नामकरण हेमू कालाणी के नाम पर करके उनकी प्रतिमा लगाई गई है। फैजाबाद शहर में एक राजकीय पार्क है जिसका नाम हेमू कालाणी पार्क है तथा बीच मे एक १५ फुट की प्रतिमा है जो अयोध्या मार्ग पर है।

अंत में केवल इतना ही कहना चाहूंगी कि धन्य है वह माता जिसने ऐसे वीर को जन्म दिया, घन्य है वह पावन धरती जिसने ऐसे लाल का अपने आंचल में पालन पोषण किया, ऐसे युवा शहीद हेमू कालाणी को शत-शत नमन....

**- तमन्ना मतलानी, गोंदिया**

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** अपनी क्रिएटिविटी के बल पर ही आप अपने प्रतिद्वंद्वियों से कुछ हटकर करेंगे। ईमानदारी से किया गया कार्य अतिरिक्त लाभ देगा। आत्मविश्वास में गिरावट का अनुभव कर सकते हैं। प्रेम संबंध भी निराशाजनक रहेगा।

**वृष :** सहकर्मी आपका साथ देने लगे हैं व आपके विचारों से सहमत होने लगे हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु कड़ी मेहनत करनी होगी। धन की स्थिति में लगातार सुधार होने की गुंजाइश है। आप फायदेमंद स्कीमों में निवेश कर लाभ के हकदार बनेंगे।

**मिथुन :** आपके लिए यह समय उपलब्धियों भरा रहेगा। कड़ी मेहनत से आपको अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। रोमांटिक सितारे बुलंदी पर हैं। सेहत संतोषजनक बनी रहेगी। धन निवेश करने से पहले स्कीमों के बारे में जानकारी ले लें।

**कर्क :** काम के सिलसिले में की गई यात्रा लाभ के अवसर लाएगी। एक से अधिक स्रोतों से धनलाभ होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंध के लिए इम्तिहान की घड़ी है। कुछ लोग मतलब निकालने हेतु आपके सामने अच्छे से पेश आएंगे।

**सिंह :** काम महत्वपूर्ण है लेकिन जीवन में और भी कई मसले हैं, जो महत्वपूर्ण हैं। जीवन में तालमेल बनाए रखनी बेहद जरुरी है। योजनाओं में फेरबदल संभव है। कुछ योजनाओं में बदलाव जरुरी व हितकर होगा।

**कन्या :** अध्यात्म से जुड़ने के लिए अनुकूल समय है। अध्यात्म से जुड़कर उन्हें अपार मानसिक शांति का अनुभव होगा। कार्यक्षेत्र में अपने विचारों पर अमल करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। युवाओं को हिंसक प्रवृत्ति से तौबा करनी होगी।

**तुला :** वर्क शेड्यूल व्यस्ततम रहने के साथ-साथ रोमांचक भी रहेगा। पारिवारिक मसलों को सुलझाने के लिए हिम्मत दिखानी होगी। जीवनसाथी के साथ समस्याओं के बारे में बात करने से समाधान खोजने में मदद मिलेगी। सेहत को लेकर सजग रहेंगे।

**वृश्चिक :** धन कमाने के जो भी मौके मिलें, उन्हें अपने हाथ से जाने ना दें। सकारात्मक रवैया अपनाएं, परहेज करें। विलंबित मुकदमेबाजी और अदालती मामले आपके पक्ष में सुलझेंगे।

**धनु :** मिल रही सलाह पर गौर कर जो फायदेमंद लगे, उस पर अमल करें। लंबे समय से मकान खरीदने का सपना पूरा बच्चे जीवन में अच्छा करेंगे और अच्छी प्रगति दिखाएंगे। गृहस्थ जीवन को लेकर कुछ चिंताएं रह सकती हैं।

**मकर :** योग्यता के अनुरुप पुरस्कार या तरक्की हासिल कर सकते हैं। नया काम शुरु करने से पहले उससे जुड़ी हर अच्छी व बुरी बात पर गौर कर लें। छात्रों को सतर्क रहने की जरुरत है।

**कुंभ :** सकारात्मक सोचें व अपने काम के प्रति ईमानदार रहें, कोई भी आपका बाल भी बांका तक नहीं कर पाएगा। धन बचाने की जरुरत को समझें व गैरजरुरी खर्चों से तौबा करें। माता-पिता से आर्थिक तंगी दूर होगी। व्यक्तिगत जीवन में झगड़े हो सकते हैं। गलतफहमियों को दूर करें।

**मीन :** कार्यक्षेत्र में विरोधी आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। आत्मविश्वास बनाए रखकर अपने फोकस को डगमगाने नहीं देना होगा।

# पुलिस हवलदार रामसिंह बैस १५ हजार की रिश्वत लेते एसीबी के जाल में

**गोंदिया–** ग्रामीण पुलिस थाने में कार्यरत पुलिस हवलदार रामसिंह सूरजनाथ सिंह बैंस को १५ हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए १७ जनवरी को गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा रंगे हाथों धर दबोचा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फर्यादी के खिलाफ गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाने में शराब बिक्री, पारिवारिक विवाद व अन्य मामलों के चलते वर्ष २०१३ में तड़ीपार का आदेश उपविभागीय अधिकारी गोंदिया द्वारा दिया गया था। जिसके खिलाफ शिकायतकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय में मामला दर्ज किया था। जिस पर न्यायालय ने तड़ीपार का आदेश जारी किया। लेकिन १६ जनवरी को आरोपी पुलिस हवलदार रामसिंह बैंस ने फर्यादी को फोन कर बताया कि पुलिस



अधीक्षक गोंदिया द्वारा तुम्हारे खिलाफ तड़ीपार करने का आदेश दिया है। उपरोक्त मामले में तुम्हारी मद्द करने के लिए थानेदार साहब के १० हजार व मेरे लिए ५ हजार रुपए तुम को देना होगा। लेकिन फर्यादी द्वारा रिश्वत न देने की मनसा लेकर इसकी शिकायत गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज करवाई जिसके पश्चात १७ जनवरी को जिलाधिकारी कार्यालय रिंग रोड के समीप चंदू मेश्राम कि चाय टपरी पर १५ हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा तथा आरोपी के खिलाफ गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाने में धारा ७ भ्रष्टाचार प्रतिबंधक कानून १९८८ सुधारित अधिनियम २०१८ के तहत मामला दर्ज किया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक एसीबी रश्मि नांदेडकर, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश दुधलवार, मिलिंद तोतरे नागपुर के मार्गदर्शन में उपअधीक्षक रमाकांत कोकाटे, सहायक फौजदार शिवशंकर तुबड़े, विजय खाब्रागडे, राजेश संदरे, दिगंबर जाधव, नितिन राहंगडाले, गीता खोबरागड़े, वंदना बिसेन ने की।

# बाल विकास प्रकल्प अधिकारी अंजलि बावनकर व आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका उषा आगाशे २० हजार की रिश्वत लेते एसीबी के जाल में

**गोंदिया–** एकात्मिक बाल विकास प्रकल्प कार्यालय तिरोडा में कार्यरत पर्यवेक्षिका व प्रभारी बाल विकास प्रकल्प अधिकारी अंजली गोविंदराव बावनकर व आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका उषा यशवंतराव आगाशे को २० हजार की रिश्वत लेते हुए १९ जनवरी को तिरोडा रेलवे स्टेशन पर गोंदिया एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा रंगे हाथों धर दबोचा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता यह प.ह.उ. कंप्यूटर एजुकेशन संस्था चलाते हैं। जो जिला परिषद अंतर्गत महिला व बाल कल्याण विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति-जमाती वर्ग की युवतियों को व्यक्तिगत लाभ योजना के अंतर्गत कंप्यूटर प्रशिक्षण दे रहे हैं। जिसमें महाराष्ट्र ज्ञान महामंडल पुणे अंतर्गत ३५ लाभार्थियों का प्रशिक्षण शुल्क ऑनलाइन जमा कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शुल्क के भुगतान



के संदर्भ में आरोपी से फोन पर पूछताछ किए जाने पर ३५ लाभार्थियों के प्रशिक्षण शुल्क के भुगतान का पत्र तैयार कर पंचायत समिति तिरोड़ा में भेजे जाने के लिए ६०० रुपए प्रति लाभार्थी के हिसाब से ३५ लाभार्थियों का २१ हजार रुपए रिश्वत की मांग की। इस मामले में फर्यादी द्वारा १५ जनवरी को ए.सी.बी गोंदिया में शिकायत दर्ज करवाई, ए.सी.बी द्वारा मामले की जांच कर १८ जनवरी को रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने पर १९ जनवरी को कार्रवाई की गई। जिसमें आरोपियों द्वारा तिरोड़ा रेलवे स्टेशन पर २० हजार की रिश्वत लेते हुए पंचों के समक्ष रंगे हाथों धर दबोचा गया। आरोपियों के खिलाफ गोंदिया रेलवे पुलिस थाने में धारा ७ भ्रष्टाचार प्रतिबंधक कानून १९८८ सुधारित अधिनियम २०१८ के तहत मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त कार्यवाई पुलिस अधीक्षक रश्मि नांदेड़कर, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश दूदलवार, मिलिंद तोतरे के मार्गदर्शन में पुलिस उप अधीक्षक रमाकांत कोकाटे सहायक फौदार शिवशंकर तुमड़े, पो. हवा राजेश सेंद्रे, ना.पो.सी नितिन रंहागडाले, राजेद्र बिसेन, गीता खोब्रागडे वंदना बिसेन द्वारा की गई।

# देश को स्वास्थ्य व समृद्ध बनाने के लिए युवको की आवश्यकता - सोमनाथ खांडे

**गोंदिया–** यूवा समाज का अभिन्न अंग और विकास प्रतिक्रिया का अनिवार्य हिस्सा है। इस देश के भविष्य की खुशियां और दुख युवाओं से संबंधित हैं तथा देश के प्रति युवाओं को सही दिशा देने की जरुरत है। देश को स्वस्थ और समृद्ध बनाने के लिए हमें ऐसे युवाओं की जरुरत है, जिनके पास सही और प्रभावी नेतृत्व हो। ऐसे विचार आई.बी. विभाग के सोमनाथ खांडे द्वारा उद्घाटन सामरोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया गया।

खेल और युवा सेवा निदेशालय पुणे के अंतर्गत जिला खेल अधिकारी कार्यालय और जिला खेल परिषद गोंदिया द्वारा १२ जनवरी को जिला खेल परिसर गोंदिया में संयुक्त रुप से युवा दिवस युवा सप्ताह का आयोजन किया किया गया था। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद और राजमाता जीजाऊ की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष के रुप में उपतिस्थत तहसील क्रीडा अधिकारी राजेंद्र शिंदे ने कहा कि युवको को कर्तव्यदक्ष रहकर स्वाभिमानी जीवन जीने हेतु स्वामी विवेकानंद व राजमाता जिजाऊ के आदर्श विचार पर चलने की जरुरत है।

क्रीडा अधिकारी ए.बी.मरसकोले व एन.एम.डी. कॉलेज के प्रविण द्वारा भी इस अवसर अपना विचार व्यक्त किया। यूवा दिन व युवा सप्ताहा का आयोजन संपूर्ण जिले में १२ से १९ जनवरी तक निबंध स्पर्धा, वक्वृत्त स्पर्धा, चित्रकला स्पर्धा, स्थानिक स्तर पर युवा पुरस्कारार्थी के युवको को मार्गदर्शन व यूवकों के लिए नोकरी, व्यवसाय, रोजगार व स्वयंरोजगार आदी हेतु मार्गदर्शना कार्यक्रम का आयोजन यूवा दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की प्रस्तावना राज्य के क्रीडा मार्गदर्शक नाजुक उईके द्वारा की गई। कार्यकम का संचालन तथा उपस्थितों का आभार अंकुश गजभिये द्वारा माना गया।

कार्यक्रम की सफलता हेतु धनंजय भारसाकळे, शिवचरण चौधरी, रवि परिहार व जयश्री भांडारकर ने अथक प्रयास किया।

# बेरोजगारो की समस्या सरकार तक पहुंचाने तक प्रयास करुंगा- अभिजीत वंजारी

**संवाददाता आमगांव–** पदवीधर मतदार संघ से मतदाताओं ने चुनाव में विजय दिलाकर अपना प्रतिनिधि बनाया है। जिन मतदाताओं ने अपने मताधिकार से महाराष्ट्र के विधानसभा में पहुंचाया उनके अधिकार के लिए हमेशा लड़ने तैयार हुं और उनकी समस्या सरकार तक पहुंचाने का युद्धस्तर पर प्रयास करेंगे। इस प्रकार के विचार नागपुर पद्वीधर संघ के नवनिर्वाचित कांग्रेस के विधायक अभिजीत वंजारी ने स्थानिय विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सभागृह में आयोजित पत्रकार परिष में व्यक्त किया।

विधायक अभिजीत वंजारी नागपुर पद्वीधर मतदार संघ के चुनाव में विजयी होने के पश्चात यहां विधायक अभिजीत वंजारी मित्र परिवार के और से नागरीक सत्कार समारोह में उपस्थित होने के लिए आए थे। एड. अभिजीत वंजारी का आमगांव तहसील पत्रकार संघ्ज्ञ के और संघ के अध्यक्ष इसुलाल मेश्राम, रेखलाल टेंभरे आदि पदाधिकारी सदस्यों द्वारा सत्कार किया गया।

पत्रकारो द्वारा किए गए सवाल का जवाब देते हुए एड अभिजीत वंजारी ने बताया कि नागपुर मतदार संघ में ५ जिलो के ३६ विधानसभा क्षेत्र है। जिसें शिक्षक पद्वीधर अंशकालीन बेरोजगारों के साथ किसान आदि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

इसके सिवा क्रिडा संकुलको के काम अधुरे होने से तथा शासकीय निधि अपुरी होने से विधायक निधि से अपुरे कामों को पुरा करने का हर संभव कोशिश की जाएगी तथा आगामी जिला परिषद एवं पंचायत समिति के चुनाव अघाडी एक साथ मिलकर काम करेंगी। पत्रकार परिषद में गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एड. एन.डी. किरसान, एड अभिजीत वंजारी मित्र परिवार के संयोजक राजेश गोयल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जमिल खान उपस्थित थे।

# आधूनिक क्रिकेट एकेडमी गोंदिया में प्रारंभ



**गोंदिया–** गोंदिया जिले के यूवा क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट कोचिंग की आधूनिक सूविधा गोंदिया में ही प्राप्त हो सके इस उद्देश्य को लेकर गोंदिया डिस्ट्रीक क्रिकेट एकेडमी के साथ मिलकर गोंदिया में पुजा शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय हलबीटोला खमारी गोंदिया में क्रिकेट एकेडमी का प्रारंभ किया गया है। एकेडमी का उद्घाटन डॉ. मोहन वानखेडे, मनोज श्रीवास्तव, रंजीत पोद्दार, कृष्णा भंडारकर, राम अग्रवाल, मुकेश बाराई सचिव, नियाज शेख तथा सभी खिलाड़ियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नागपुर के कोच मंगेश भोयर द्वारा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया गया। एकेडमी प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह ७ बजे से ९.३० व दोपहर ३ बजे से ५.३० बजे तक दिया जाएगा। इस हेतु खिलाड़ी किसी भी एक समय भाग ले सकेंगे। मजुमदार एकेडमी नागपुर के प्रमुख कोच सुलक्षण कुलकर्णी (राष्ट्रीय कोच), संदिप शिंग, मनोज गोगटे (रणजी ट्रॉफी व कोच के मागर्दर्शन में गोंदिया की एकेडमी में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एकेडमी के प्रमुख संरक्षक रामकुमार अग्रवाल, दिपम पटेल अध्यक्ष जी.डी.सी. ए. सुनिल घाटे, सत्तू अग्रवाल, पुष्पक जसानी, गौर आदि पदाधिकारी है। प्रवेश तथा अधिक जानकारी के लिए मुकेश बाराई से संपर्क किया जा सकता है।

# श्रमदान-निर्मित बांध, पानी की कमी को दूर करेगा

**संवाददाता सड़क अर्जुनी–** तहसील में संभावित गर्मियों में पानी की कमी को दूर करने के लिए, सौंदड़ के ग्रामीणों ने जनशक्ति युवा पैनल की पहल से सौंदड़ में चुलबंद नदी बेसिन में १०० मीटर लंबा बांध बनाया। इस हेतु सौंदड़ के सैकड़ों महिला पुरुष और युवक रविवार १७ जनवरी को एक साथ बांध बनाने के लिए आए थे। सौंदड़ गांव की आबादी १० हजार से अधिक है और इस चुलबंद नदी बेसिन के माध्यम से नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत द्वारा की जाती है। गांव में लगभग ७०० निजी नल धारक हैं और ३,५०० से ४,००० नागरिकों को प्रतिदिन २४०,००० लीटर पानी मिलता है। लेकिन नदी बेसिन में कोई स्थायी बांध नहीं होने के कारण जनशक्ति युवा पैनल युवा



नेटवर्क मैत्री मंच और युवारत्न संगठन ने महिलाओं और युवतियों के लिए गर्मियों में पानी की कमी को रोकने के लिए एक हजार बैग रेत का बांध बनाया है। पिछले साल कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए धारा १४४ के लागू होने से मध्यांतरी नदी सूख गई क्योंकि बांध बनाना संभव नहीं था। गहराईकरण दो दिनों में पूरा हो गया था और पिछले साल भी सौंदड़ गांव के नागरिकों को पानी की कमी नहीं हुई थी। गर्मियों में सूखने वाली नदी बेसिन की समस्या को ध्यान में रखते हुए सरपंच और जनशक्ति युवा पैनल ऑनर के संस्थापक गायत्री अर्ले के नेतृत्व में कड़ी मेहनत के माध्यम से एक बांध बनाने की पहल की गई थी। जनशक्ति युवा पैनल के अध्यक्ष रोशन शिवनकर, नंदकिशोर डोंगरवार, लालचंद खड़के, रंजना भोई, मीनाक्षी विठ्ठले, दुर्गा ईरले, माधवी शैलेश विठले, अशोक विठ्ठल, मधितेश राउत, स्वाति कोरे, विनोद नंदरधने, दिलीप डोंगरवर, यूनेश भेंडरकर, विजय नागरकर, आशीष राउत, शैलेश राउत, सुषमा डोए,रुपेश राउत, ज्योति बर्वे, किरण भुमके, अंजू इरले लता हटकर, प्रेमू इरले, राजेश भोले, रंजीत चूटे व गांव के नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

## खेलों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मिली अनुमति

गोंदिया- जिलाधिकारी व जिला दांडाधिकारी तथा जिला आपदा व्यवस्थापन प्रधिकरण के अध्यक्ष दीपक कुमार मीणा ने शासन ने शासन के निर्देश के अनुसा कोविड १९ संक्रमण अंतर्गत मिशन बिगीन अगेन के तहत विविध प्रकार के खेलों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अनुमति दे दी गई है। अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्यस्तरिय खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण, खेल, स्पर्धा आदि को १८ जनवरी से शुरु करने की अनुमति दी गई है। इस संदर्भ में शासन व क्रीडा विभाग द्वारा जारी सूचना निर्देश मानक कार्यप्रणाली का पालन करना अनिवार्य रहेगा। यशदा, वनामती, मित्रा, मेरी आदि प्रशिक्षण संस्था के माध्यम से आयोजित शासकीय कार्यालयीन प्रशिक्षण कार्यक्रम १८ जनवरी से शुरु होंगे। इसके लिए भी शासन द्वारा जारी नियमों का पालन करना होंगा। आदेश का पालन न करने वालों के खिलाफ संक्रामक रोग प्रतिबंधात्मक कानून १८९७, आपदा व्यवस्थापन अधिनियम २००५ के साथ ही भांदवि की धारा १८६० के अनुसार मामला दर्ज किया जाएगा।

# रवि बंभारे हत्याकांड के ४ फरार आरोपी २४ घंटो में पुलिस की हिरासत में

## पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के मार्गदर्शन में गोंदिया पुलिस की कार्रवाई

**गोंदिया –** रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत सहयोग हॉस्पिटल परिसर में १४ जनवरी की रात ११ बजे के दौरान धापेवाडा निवासी रविप्रसाद राधेलाल बंभारे की जघन्य हत्या चार आरोपियों द्वारा कर फरार हो गए थे। उपराक्त प्रकरण में फर्यादी राजू बंभारे की शिकायत पर रामनगर पुलिस थाने में भा.द.वी की धारा ३०२, ३४ के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की तलाश शुरु की गई जिन्हें २४ घंटों के अंदर गिरफ्तार करने में गोंदिया पुलिस को सफलता मिली। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया तथा उन्हें २२ जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेजा गया। इस मामले में १६ जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित परिषद में पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी। आगे उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त होते ही सीसीटीवी के माध्यम से आरोपियों की तलाश के लिए लोकल क्राइम ब्रांच विशेष पथक बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में भेजे गए। जिसके चलते गुप्त जानकारी के आधार पर आरोपी महिंद्रा स्कार्पियो वाहन क्रमांक एमएच १४ वाय ७७७७ से पांगड़ी जंगल परिसर के अंतर्गत आने वाले खर्रा पहाड़ी के समीप छुपे होने की जानकारी प्राप्त होने के पश्चात विशेष पथक द्वारा कार्रवाई कर बाजपेई वार्ड निवासी आरोपी श्याम उर्फ पीटी रमेश चाचीरे, गौशाला वार्ड निवासी शुभम गोपाल चौहान उर्फ परदेसी, मदीना मस्जिद के पीछे गौतम नगर निवासी शाहरुख रज्जाक शेख २३ वर्ष व वाजपेई चौक निवासी प्रशांत उर्फ छोटा मातादीन ज्ञानेश्वर भालेराव ४० वर्ष को हिरासत में लिया। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे,अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी के मार्गदर्शन में उपविभागीय पुलिस अधिकारी जगदीश पांडे गोंदिया शहर पुलिस निरीक्षक महेश बंसोडे,रामनगर पुलिस निरीक्षक प्रमोद घुगे, लोकल क्राइम ब्रांच के उप निरीक्षक तेजेंद्र मेश्राम, अभय सिंह शिंदे, सहायक फौजदार लिलेंद्र बैस, गोपाल कापगते, अर्जुन कावड़े, राजेद्र मिश्रा, राजेश बड़े, देशमुख, तुरकर, रियाज शेख, संदीप वंजारी, रेखलाल गौतम, तुलसीदास लुटे, महेश मेहर, अजय रंहागडाले, बिसेन, सुजाता गेडाम, पंकज खरबड़े, विनोद गौतम, मुरली पांडे ने सफलतापूर्वक कार्रवाई की जिनका पुलिस अधीक्षक ने अभिनंदन किया।

गुंडाराज पर लगाम लगाने जनता का सहयोग पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे ने नागरिकों से आहवान किया है, कि उनके सहयोग से पूरे जिले के गुंडाराज पर लगाम लगाई जाएंगी किसी भी प्रकार की जानकारी होने पर पुलिस को देकर सहयोग करें जिससे भयमुक्त जिले का सपना साकार हो सकेगा।

# विमानतल सुरक्षाकर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन

## बिना किसी सूचना के सुरक्षाकर्मियों को निकाला नौकरी से

**महेंद्र गजभिये–** गोंदिया तहसील अंतर्गत ग्राम बिरसी में बिरसी विमानतल प्राधिकरण द्वारा सुरक्षाकर्मियों को बिना किसी कारण बताओ नोटिस व सूचना दिए १ जनवरी को काम से निकाल दिया। जिसके चलते १९ जनवरी मंगलवार को सभी सुरक्षाकर्मी अपने परिवार के साथ विमानतल के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरु किया। इस मामले में आंदोलनकारियों ने जानकारी दी कि वर्ष २००७ में बिरसी विमानतल के विस्तारीकरण का कार्य शुरु होने के पश्चात स्थानीय नागरिकों को सुरक्षाकर्मियों के रुप में कार्य दिया गया था। किंतु प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा डी.जी.आर. कानून की जानकारी नहीं दी थी लेकिन अब उपरोक्त कानून का उपयोग कर सभी सुरक्षाकर्मियों को काम से बंद कर दिया गया है। जिससे उनके समक्ष बेरोजगारी व आर्थिक संकट निर्माण हो गया। विशेष यह है कि आंदोलन के दौरान सुरक्षाकर्मी अपने परिवारों के साथ आंदोलन में शामिल है जिसमें छोटे मासूम बच्चे भी शामिल है। सुरक्षा कर्मियों के आंदोलन के संदर्भ में यदि विमानतल प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द हल नहीं निकाला गया तो उपरोक्त आंदोलन चलता रहेगा। आंदोलनकारियों से संग्राम परिषद के संयोजक सतीश बनसोडे, कार्यवाहक सुरेंद्र महाजन, तहसील अध्यक्ष प्रकाश वासनिक, राजू राहुलकर, वंचित बहुजन आघाडी के तहसील अध्यक्ष नरेंद्र बोरकर, महेंद्र गजभिए, आम आदमी पार्टी के पुष्पोत्तम मोदी उमेश दमाहे मोगरा के सरपंच दिलीप मुंडले ने भेंट देकर अपना समर्थन दिया है। इस मामले में विशाल सुरक्षा मजदूर संघ के अध्यक्ष अनिल भंडारकर ने कहा कि विमानतल प्रशासन द्वारा उन पर अन्याय किया जा रहा है। जिससे उन पर भुखमरी का संकट निर्माण हो गया जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा तब तक आंदोलन अनिश्चितकालीन तक समय तक चलता रहेगा।

# अर्जुनी में श्रीराम मंदिर निर्माण निधि समर्पण कार्यालय का उद्घाटन

**अर्जुनी मोरगांव–** जिला समन्वयक संजय भावे ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधी संघी सम्प्रदाय अभियान के तहत कपेटगेट



परिसर में गजानन महाराज मंदिर में संपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया तथा पांच हजार रुपये समर्पित किए गए। इस अवसर पर अभियान प्रमुख जितेंद्र बिसेन, जिला प्रचारक अनूप कटरे, अरविंद शिवणकर, रचना गहाणे, गिरिश बागड़े, आनंदराव शहारे, नेमीचंद डोए, श्यामसुंदर इंजोरिकर, ओमप्रकाश सिंह पवार, डॉ गजानन डोंगरवार, रामेश्वर राम , हीरामन बोरकर आदि उपस्थित थे।

# सक्षिप्त समाचार

### धारदार हथियार से युवक की हत्या

रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले रिंगरोड पर स्थित एक निजी अस्पताल परिसर में १४ जनवरी की रात १० बजे के दौरान लोधीटोला/धापेवाड़ा निवासी रवि बंभारे नामक ३४ वर्षीय युवक की आरोपियों ने आपसी में सांठगाठ कर धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। हत्या का कारण पैसो का लेनदेन बताया जा रहा है। मृतक रेती सप्लाई का कार्य करता था। लोधीटोला निवासी फर्यादी राजू राधेलाल बंभारे की शिकायत के आधार पर धारा ३०२,३४ के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### छोटी सी बात पर महिला को पीटा

गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम खंभारी भरतनगर निवासी फर्यादी महिला डिलेश्वरी गणेश तुरकर (४५) अपने घरगृती काम को लेकर बड़बड़ा रही थी। इसी दौरान आरोपी ने तु मेरे बारे में क्यों बात करती है, ऐसा बोला। जिसपर फर्यादी महिला ने कहा कि मै तेरे बारे में बात नही कर रही हुं। जिसपर गुस्साए आरोपी ने महिला के साथ गाली-गलौच करते हुए अपने घर से लाठी लाकर फर्यादी के दाएं हांथ पर वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत व डॉक्टरी परिक्षण के आधार पर धारा ३२४,५०४,५०६ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दो लोगो की अकास्मिक मौत

जिले में अकास्मिक मौत के दो मामले दर्ज किए गए है। पहली घटना आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम कीडंगीपार में घटित हुई। जहां बाबुलाल मोडकु कठाणे (५८) मवेशियों को लेकर खेत में चराने गया था। इसी दौरान विद्युत तार की चपेट में आने से वह नाले परिसर के समीप मुर्छित होकर गीर गया। जिसे उपचार हेतु आमगांव के चिकित्सालय में दाखिल कराया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। फर्यादी भुमेश्वर बाबुलाल कठाणे (३२) निवासी किडंगीपार की शिकायत व डॉक्टरी अहवाल के आधार पर धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुसरी घटना रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत सामने आई। जहां लगभग ३५ से ४० वर्षीय व्यक्ति मृत अवस्था में हनुमान मंदिर परिसर में पाया गया। फर्यादी प्रितमसिंग तिलकसिंग गौतम, बसंतनगर की शिकायत के आधार पर धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया है।

### चोरी का मामला दर्ज

तिरोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम करटी निवासी फर्यादी स्वप्नील राजेश मेश्राम (२७) अपने घर में सोया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरो ने सुनेपन का लाभ लेते हुए फर्यादी के घर के पीछे का दरवाजा तोड़ भीतर प्रवेश तथा अन्य तीन घरो में भी इस प्रकार प्रवेश कर कुल सोने चांदी के आभुषण समेत १ लाख १० हजार ५८० रुपए का माल लेकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरो के खिलाफ धारा ४५७,३८० के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिस कमी अशोक केंद्रे कर रहे है।

### दीवार ढहने से मौत

आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम ब्राम्हणी निवासी झनकलाल अनंतराम पारधी (४०) अपने घर की पुरानी दिवार तोड़ रहा था। जिसके चलते अचानक उस पर दिवार ढहकर गिर गई। जिसे ग्रामीणों की सहायता से उपचार हेतु ग्रामीण चिकित्सालय में लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान वहां के चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत के आधार पर धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चाकु से हमला, ५ पर मामला दर्ज

रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले हनुमान मंदिर के समीप ५ आरोपियों ने आपसी में सांठगांठ कर गाली-गलौच के विवाद को लेकर चाकु लेकर फर्यादी के घर पहुंचे जहां फर्यादी बचाव हेतु दरवाजे के सामने बीच में खड़ी हो गई। जिसपर आरोपियों ने उसके हांथ पर चाकु से हमला कर दिया उसी प्रकार फर्यादी की मा गीता ताराचंद राऊत  पर भी चाकु से हमला कर घायल कर दिया तथा भविष्य में दुबारा मारपीट करने की धमकी दी। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत व डॉक्टरी परिक्षण के आधार पर उपरोक्त ५ आरोपियों के खिलाफ धारा ३२४, ३२३, १४३, १४७, १४८, १४९, ५०४, ५०६ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मामूली बात पर पिटाई

तिरोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत नत्थुटोला खेत परिसर कवलेवाड़ा में फर्यादी राधेश्याम राजीराम पारधी (५५) अपने खेत में लकड़िया तथा कचरा जमा कर आग लगा रहा था। इसी दौरान आरोपी ने फर्यादी को सागवन के पेड़ को जलाने की बात कहते हुए गालीगलौच कर बात विवाद करते हुए बांस की लकड़ी से दाये हांथ एवं बाये पैर पर प्रहार कर घायल कर दिया। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत तथा डॉक्टरी परिक्षण के आधार पर धारा ३२४,५०४,५०६ के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच पुलिस हवलदार चेटुले कर रहे है।

### घातक हथियार से हमला

गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत १७ जनवरी को शाम ४.३० बजे के दौरान २२ वर्षीय आरोपी बौद्ध विहार के बाजू में स्थित वाचनालय के सामने की जगह में लगी हरे रंग की जाली ले जा रहा था। जब फर्यादी सिंगलटोली निवासी सुनील भालेराव (२०) ने उसे मना किया तो आरोपी ने फर्यादी के साथ विवाद किया एवं धारदार हथियार से उसके दाएं हांथ की कोहनी पर प्रहार उसे घायल कर दिया। साथ ही मारपीट करने की धमकी दी। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत व डॉक्टर अहवाल के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा ३२४, ५०४, ५०६ के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पुलिस नायक आनंद धुवारे कर रहे है।

**आवश्यकता है**

**गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...**

**बुलंद गोंदिया कार्यालय**
**जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया**
**मो. : 9405244668, 7670079009**
**समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक**

# ग्रीष्मकालीन धान के लिए बाघ प्रकल्प से छोड़ा गया पानी

**गोंदिया-** बाघ इटियाडोह प्रकल्प के पानी से इस साल १४ हजार हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान उत्पादन के लिए सिंचाई दी जा रही है। इटियाडोह की नहर से १ जनवरी को पानी छोड़ा गया है। वहीं बाघ प्रकल्प की दोनो नहरो से १५ जनवरी को सुबह पानी छोड़ा जाएगा। नर्सरी की बुआई करने की तैयारी में किसान जुट गए है। बताया गया कि इटियाडोह प्रकल्प से कुल ९ हजार ९६० हेक्टेयर में सिंचाई की जा रही है। जिसमें से गोंदिया ३५ प्रतिशत, भंडारा २५ प्रतिशत तथा गढ़चिरोली जिले के लिए ४० प्रतिशत क्षेत्र का सिंचाई के लिए प्रावधान किया गया है। १ जनवरी से सिंचाई शुरु होने से उस क्षेत्र के किसानों ने रोपाई शुरु कर दी है, जबकि बाघ प्रकल्प का पानी १६ जनवरी को छोड़ने के बाद किसान धान की नर्सरी लगाना शुरु करेंगे। जिसके १५-२० दिन बाद ही वे रोपाई शुरु कर सकते हैं। बाघ प्रकल्प से कुल ३ हजार ९६० हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा, जिसमें आमगांव तहसील का ३० प्रतिशत अर्थात ११८८ हेक्टेयर गोंदिया तहसील के ५० प्रतिशत अर्थात १९८० हेक्टेयर एवं सालेकसा के २० प्रतिशत अर्थात ७९२ हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। ग्रीष्मकालीन धान उत्पादन के लिए बाघ प्रकल्प के सिंचाई का क्षेत्र नियोजन ७ जनवरी की सभी में कर १५ जनवरी को नहर से पानी छोड़ने का निर्णय हुआ था। जिसके अनुसार शुक्रवार को शुक्रवार को सुबह महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश की दोनो नहरों से पानी छोड़ने की तैयारी सिंचाई विभाग ने शुरु की है।



**पीने के लिए पानी का आरक्षण:** ग्रीष्मकाल में अनेक गांवो पर भीषण पेयजल संकट का साया मंडराता है। इस संकट से निपटने हेतु सिंचाई विभाग ने ग्रामीण जलापूर्ति विभाग व महाराष्ट्र जीव प्राधिकरण के अनुरोध पर बाघ प्रकल्प का ७.४५४ दलघमी व इटियाडोह प्रकल्प का ३.०५ दलघमी पानी ग्रमीण क्षेत्र के लिए रखा गया है।

### शुक्रवार को छोड़ा जाएगा पानी

इटियाडोह की नहर १ जनवरी से शुरु की गई है। बाघ प्रकल्प की दोनों नहरों से शुक्रवार को सुबह पानी छोड़ा गया। ग्रीष्मकालीन जल संकट को देखते हुए दोनो प्रकल्प में पीने का पानी आरक्षित रखा गया है।

### पुजारीटोला का जलाशय बुझाएगा प्यास

गोंदिया शहर में ग्रीष्मकालीन में पेयजल संकट निर्माण न हो इसलिए प्रति वर्ष पुजारीटोला जलाशय का पानी आरक्षित रखा जाता है। इस साल १० दलघमी पानी का आरक्षण महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण के अनुरोध पर सिंचाई विभाग ने रखा है।

# गोंदिया वनविभाग ने जारी की पहली ई-टीपी


**गोंदिया-** महाराष्ट्र सरकार की नीति के अनुसार परिवहन लाइसेंस (ई-टीपी) विभिन्न वन उत्पादों के निर्यात के लिए जारी किए जा रहे थे। मालिकाना खसरा मामलों में लकड़ी, सरकारी वन डिपो में लकड़ी दिनांक २९/१०/२०२० मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन, नागपुर ने एक वेबिनार के माध्यम से एक बैठक आयोजित की और कंप्यूटर के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कंप्यूटर सिस्टम ट्रांसपोर्ट लाइसेंस के बारे में बताया। परिवहन लाइसेंस निष्पादित किया गया था। इसमें गोंदिया वन रेंज अधिकारी गोंदिया और उनकी टीम ने पूरे महाराष्ट्र में स्वामित्व (खसरा) मामलों के एक कर किसान उषाबाई चौतरामसिंह सूर्यवंशी से मुलाकात की। पहला (ई-टीपी परिवहन लाइसेंस) ग्राम किन्ही को जारी किया गया था। इस प्रणाली के साथ कर संग्रहकर्ता अब कंप्यूटर प्रणाली के माध्यम से आवेदन करने और निर्धारित शुल्क का भुगतान करके थोड़े समय में किसी भी गांव से ई-परिवहन लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। इस परिवहन लाइसेंस में कोई छेड़छाड़ नहीं होती है। इस लाइसेंस में एक क्यूआर कोड (बारकोड) होता है इसलिए इसका उपयोग ई-परिवहन लाइसेंस की प्रामाणिकता को तुरंत सत्यापित करने के लिए किया जाएगा। सुशील नंदवते वन अधिकारी गोंदिया, एस श्रीवास्तव क्षेत्र सहायक, एम राउत वन रेंजर, के लिल्हारे वन रेंजर और आर भालाधरे डेटा ऑपरेटर और वन कर्मचारियों ने इस काम में एक प्रमुख भूमिका निभाई। एसएस सद्गिर सहायक वन संरक्षक गोंदिया, कुलराज सिंह उप वन संरक्षक गोंदिया और योगेश काले सहायक और कंप्यूटर विशेषज्ञ मुख्य वन संरक्षक नागपुर, एसके त्रिपाठी वन प्रभागीय वन अधिकारी, सतर्कता नागपुर कुमार मुख्य वन संरक्षक नागपुर के प्रमुख मार्गदर्शन में काम सफल हो सके। भविष्य में वन विभाग सभी उप-उत्पादों और वन उत्पादों के लिए कम्प्यूटरीकृत परिवहन लाइसेंस पेश करेगा।

# ३ अजगरों को मिला जीवनदान

**गोंदिया-** ग्राम टेमनी गोंडीटोला (आसोली) नहर के पास ३ अजगरों को वनविभाग की टीम ने ग्रामीणों की मद्द से पकड़ा। गौरतलब है कि टेमनी गांव में जब जंगल व पेड़ लगाए गए तब से वन्यप्राणी, अजगर व कई प्रकार के अन्यजीव दिखाई देते है। इनमें हिरन, खरगोस, रानबिल्ली, जंगली शुअर आदि का समावेश अधिक है। गांव के अध्यक्ष योगेश नंदलाल गायधने हमेशा जंगली जानवरो को बचाने के लिए प्रयास करते है। संयुक्त वन व्यवस्थापन समिति के माध्यम से उनकी सुरक्षा की जाती है। पकड़े गए अजगरों में क्रमश: १०, १३ व १५, फीट के अजगरो का समावेश है। जिन्हे बाद में जंगल परिसर में छोड़ा गया। इस समय वनविभाग के वहाब खान, सर्पमित्र मुरली, लोकचंद धुर्वे, वनाधिकार समिति अध्यक्ष योगेश गायधने, संयुक्त वन समिति के सोनु सर्राटे, गोवर्धन सर्राटे, नीतु बोरकर, शेखर किरणापुरे, विशाल पंधरे, खुशाल भलावी, राहुल मरकाम, रोहित वाढवे, मोहनिश धुर्वे, सुरेश मरकाम, लिखलाल उईके, प्रमोद फुंडे, जगदिश फुंडे, आदित्य मरकाम, हरेश भगवानी द्वारा सहयोग किया गया

# भाई ने हड़पी भाई की संपती

## छोटे भाईयों का हिस्सा कर दिया पत्नी के नाम



**संवाददाता आमगांव-** आमगांव निवासी मुश्ताक शेख ने आयोजित पत्रकार परिषद में जानकारी देते हुए बताया कि उसके बड़े भाई रज्जक शेख ने धोखाधड़ी कर उनकी संपत्ती पर अनाधिकृत कब्जा करते हुए अपनी पत्नी के नाम कर दिया। जिसका मामला कोर्ट में चल रहा है। आयोजित पत्रकार परिषद में मुश्ताक शेख ने जानकारी देते हुए बताया कि रज्जाक को लेकर तीन भाई व दो बहन मिलाकर परिवार में कुल ५ सदस्य है तथा इन सभी का हिस्सा बड़े भाई द्वारा हड़पते हुए अपनी पत्नी के नाम कर दिया तथा समाज में अपने छोटे भाई की बुराई कर रहा है। उसी प्रकार मुश्ताक अली शेख द्वारा अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर दहेज लाने की भी मांग का आरोप पत्रपरिषद में लगाया गया। इस संदर्भ में संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया गया है। रज्जाक द्वारा जो लड़की गोद ली गई है उसके कागजाद ग्रामसेवक की मद्द से बोगस बनाए गए है। जिसकी जांच होना आवश्यक है। ऐसा आरोप मुश्ताक शेख ने अपने बड़े भाई पर लगाया है तथा उसका कहना है कि मेरे बड़े भाई ने अपने कपास गोडाऊन जलाने का झुठा आरोप मुझपर लगाया है। जिसकी जांच पुलिस द्वारा की गई। लेकिन मामला फर्जी पाया गया, क्योंकि गोडाऊन में आग लगी ही नही थी। मै जहां निवास करता हुं वहां पर मेरी महिंद्रा शॉप की दुकान है व रज्जाक शेख का गोडाऊन रिसामा मस्जिद के बाजु में है। इस संदर्भ में पुलिस विभाग से निष्पक्ष जांच कर गुमराह करने के आरोप में मो. रज्जाक शेख को गिरफ्तार करने की मांग मुश्ताक शेख ने पत्रकार परिषद में की है।

# मोबाइल चोर गिरोह पकड़ाया



**गोंदिया-** सालेकसा पुलिस थानांतर्गत भाटिया ट्रेडर्स मोबाईल दुकान का शटर तोड़कर अज्ञातों ने दुकान से ८ लाख ९ हजार ६११ रुपए के ५६ मोबाईल तथा ४ हजार रुपए नगद ८ जनवरी की रात चोरी कर लिए थे।

इस संदर्भ में दुकान के मालिक आमगांव खुर्द निवासी मनप्रीतसिंह भाटिया ने सालेकसा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया तथा चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे कैद हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को खोजने में जिला पुलिस को कामयाबी मिली और १५ जनवरी को अर्जुनी मोरगांव तहसील के अरुणनगर, कोरंभीटोला व केशोरी से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें अरुणनगर निवासी विष्णू खोकन विश्वास (३१), पिंकु नरेंद्र मिस्त्री (४०), शिवाजी चौक केशोरी निवासी सूरज चितरंजन विश्वास (३०) तथा दिनकर नगर निवासी मोबाईल रिपेरिंग सेंटर मालिक कृष्णा निखिल मंडल बताया गया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए मोबाईल के अलावा अन्य मोबाईल भी मिले है।

आरोपियों के पास से कुल १० लाख २४ हजार ५५५ रुपए का माल जब्त किया गया। आरोपियों में कृष्णा निखिल मंडल का केशोरी में गणराज मोबाईल रिपेरिंग सेंटर है। उसने आरोपियों से चुराये गए मोबाईल कमीशन पर खरीद लिए थे। उपरोक्त कार्यवाई जिला पुलिस अधिक्षक विश्व पानसरे, अप्पर पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी जालिंदर नालकुल, एलसीबी के महेश बंसोडे, उपनिरिक्षक अभयसिंह शिंदे, तेजेंद्र मेश्राम, सहायक फौजदार गोपाल कापगते, अर्जुन कावडे, सोमेंद्रसिंह तुरकर, सुजाता गेडाम, सालेकसा पुलिस थान प्रभारी प्रमोद बघेले, पुलिस उपनिरीक्षक सोरते आदि ने मिलकर की।

# घरकुल व मालकी हक के पट्टे दिए जाए



## नगर विकास मंत्री शिंदे को शिवसैनिकों ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता देवरी-** आमगांव स्थित विजय लक्ष्मी सभागृह में बुधवार को शिवसैनिकों का सम्मेलन व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में राज्य के नगर विकास व सार्वजनिक बांधकाम मंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे। जिन्हें गोंदिया जिला संपर्क प्रमुख नीलेश धुमाल के नेतृत्व में देवरी तहसील शिवसेना शाखा की ओर से देवरी तहसील में घरकुल लाभार्थियों को अनुदान की शेष निधि देने व अतिक्रमणधारकों को जमीन पट्टा देने हेतु ज्ञापन सौंप चर्चा की गई। ज्ञापन के माध्यम से मंत्री शिंदे को बताया गया कि अतिदुर्गम आदिवासी व नक्सल प्रभावित देवरी शहर यह आधे से अधिक अतिक्रमण जगह पर बसा हुआ है। जिससे यहां रहनेवाले लोगो के सामने जगह के पट्टे का प्रश्न अनेक वर्षों से है। देवरी तहसील में अधिकांश लोगो के मकान, झोपड़िया व अतिक्रमण की जगह पर होने से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मिलने वाले घरकुल का प्रश्न गंभीर स्वरुप का है। अनेक लोगो ने घरकुल के लिए आवेदन किया था। लेकिन कई गरीब जरुरतमंदो का घरकुल जगह के पट्टे के अभाव में नामंजूर हुआ है।

जिन ११३ लोगो को घरकुल मंजूर हुआ है, ऐसे लोगो को एक वर्ष का समय बीतने के बावजूद अनुदान की राशि पुरी तरह से नही मिली है। इस सभी विषयों पर मंत्री शिंदे से चर्चा किए जाने के बाद उन्होंने ने समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नीलेश धुमाल, सुनील मिश्रा, अनिल कुर्वे, राजिक खान, राजा भाटिया, प्रीति उईके, महेश फुन्ने, कृष्णा राखडे, करुणा कुर्वे, वंदना राऊत, सलमा राऊत आदि उपस्थित थे।

**क्या आप परेशान हैं?**



शादी से पहले, शादी के बाद की कमजोरी
उम्र की अधिकता से सेक्स में कमजोरी
नि:संतान, स्वप्नदोष, इंद्रिय का छोटापन
टेढ़ापन, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी
आदि समस्याओं के ईलाज के लिए...

**डॉ.सुशील गेडाम**
बी.ए.एम.एस., एस.एच.सी.
**धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना**
शॉप नं.31, राजलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, पाल चौक, गोंदिया

**हर रविवार**
**सुबह 11 से 4 बजे**

संपर्क क्र.: 7879453857, 8964889608

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।